## Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of May, 2023.

Hon'ble Union Home Minister visited violence affected areas of Manipur from 29th May, 2023 to 1st June, 2023 to review the security situation of the State of Manipur.

2. Hon'ble Union Home Minister presided over the 'Chintan Shivir of senior officers of Ministry of Home Affairs on 19th May, 2023 in New Delhi. The objective of the Chintan Shivir was to interact with the senior officers of the Ministry and to evolve action plan for implementation of "Vision 2047".

3. On 22.5.2023, Hon'ble Union Home Minister released the bilingual Compendium on Census of India titled as "A Treatise on Indian Censuses since 1981" This is a 'Recount of the journey of counting people in India and much more', while inaugurating the new Janaganana Bhawan. A web portal for registrations of births & deaths and an updated SRS App with Geo- fencing feature were also launched.

4. Hon'ble Union Home Minister inaugurated a workshop on the 'Vibrant Villages Programme' in New Delhi on 23.05.2023. The national-level workshop was conducted for capacity building of the State & District level officers for planning & implementation of VVP from 23rd to 24th May, 2023.

5. Hon'ble Home Minister laid the foundation stone and did the Bhumi Poojan of off-Campus of NFSU at Guwahati, Assam on 25.05.2023. Hon'ble MoS (Home) inaugurated the ICP Dawki, Meghalya on 04.05.2023.

6. An Indian delegation led by Dr. P.K. Mishra, Principal Secretary to Hon'ble Prime Minister and having members, Sh. Kamal Kishore, Member & Secretary (I/C), NDMA and Sh. Sanjeev Kumar Jindal, JS (DM), MHA participated in the High Level Meeting of the United Nations General Assembly on the Midterm Review of the Sendai Framework for Disaster Risk Reduction held on 18th – 19th May, 2023 in New York, USA.

7. British High Commissioner Mr. Alex Ellis met with Union Home Secretary on 26.05.2023 to brief regarding the visit of Lord Tariq Ahmad of Wimbledon, MOS, FCDO, UK to India. Thereafter, on 29.05.2023, Union Home Secretary held a meeting with Lord Tariq Ahmad of Wimbledon wherein various bilateral issues relating to Security of Indian High Commission, Migration & Mobility partnership, criminal records sharing, Diplomatic visa agreement, Anti India Pro Khalistani elements, E- visa for Crown dependencies etc. were discussed .

8. Annual Conference of Relief Commissioners/Secretaries Department of Disaster Management of States /UTs to review the status of preparedness for South West Monsoon-2023 was held on 9th May, 2023.

9. One of the significant budget announcements this year is to provide financial support to poor prisoners who are not able to bear the fine or bail amount. The Ministry of Home Affairs has finalized a Scheme on the subject matter, which is proposed to be rolled out from the current financial year. Home Minister has written to the Chief Ministers of all States on 23rd May, 2023 informing them of this initiative of the Government of India and have requested them to extend the benefit of this scheme to poor prisoners.

10. A Model Prisons Act has been finalized by the Ministry of Home Affairs in consultation with various stakeholders and subject experts. The Model Act, with approval of HM, has since been forwarded to all States and UTs under cover of a letter from Home Secretary on 1Oth May, 2023, for making use of the same in their respective jurisdictions.

11. A meeting was held under chairmanship of Secretary (BM) on 12th May, 2023 regarding preparation of Action Plan under VVP. Further, on 31st May, 2023 Secretary (BM) held a meeting regarding identification of villages situated in the (i) border blocks of States/UTs covered under BADP and (ii) blocks along the coastlines in Coastal States/UTs for comprehensive development.

12. The meeting of Monitoring Committee to monitor and redressal of issues relating to racial discrimination faced by the people of North East was held under Additional Secretary (NE), MHA on 25.5.2023 at New Delhi. The meetings of Joint Monitoring Committee (JMC) under Additional Secretary (NE), MHA were held on 29.05.2023 to review the progress of implementation Bodo Accord (2020), Karbi Accord (202 1) and Adivasi Peace Accord (2022) of Assam.

13. Meeting on Special assistance to rehabilitate the affected families at alternative safe places and undertake planned redevelopment of Joshimath in Uttarakhand was held on 3rd May, 2023 under Additional Secretary (DM), MHA.

14. A meeting was held on 10.05.2023 under Additional Secretary (LWE), MHA with the officials of DoT and Nodal Officers of all LWE affected states on the subject "Pending issues, especially security related issues pertaining to mobile/broadband connectivity project in LWE affected areas". A meeting was held on 11.05.2023 under Additional Secretary (LWE), MHA with the officials of Chhattisgarh Government, MoRTH, MoRD & CAPFs to review the construction of roads/bridges works in Chhattisgarh under RRP-I & RCPLWEA. Further, on 23.05.2023, AS(LWE) met with the officials of NYKS to review the "Implementation of Tribal Youth Exchange Programmes (TYEP)" under Media Scheme.

15. NOC issued for change in the name of village "Bhairavwadi" Tal-Tasgaon as “Navi Chinchani" in District - Sangli, Maharashtra, "Itavari Railway Station" as "Netaji Subhash Chandra Bose Itwari Railway Station" in Nagpur, Maharashtra and "Shivamogga city Railway Station" as “shri Shivappa Nayaka-Shivamogga Railway Station" in Karnataka.

16. The Bihar Special Courts (Amendment) Bill, 2022 has been assented to by the Hon'ble President of India. Previous Sanction of the Hon'ble President of India for introduction of The Cigarettes and Other Tobacco Products (Prohibition of Advertisement and Regulation of Trade and Commerce, Production, Supply and Distribution) Madhya Pradesh Amendment Bill, 2022 in the State Legislature of Madhya Pradesh has been conveyed to the Government of Madhya Pradesh.

17. Virtual Negotiation meeting with Kazakhstan was held on 31.05.2023 to discuss the Agreement on Mutual Protection of Classified Information. The Kazakh side was led by Col Saragul Abdikarim, Head of the Directorate of International Legal Support of the Department of International Cooperation, MoD and Indian side was led by Joint Secretary (IC), MHA

18. A meeting under Joint Secretary (PM), MHA was held on 01.05.2023 to review the progress made by CAPFs in implementation of vehicles scrapping policy issued by MoRTH. Further, a meeting with the States was also held on 30.05.23 regarding scrapping of vehicles of the State Governments/Police Forces which are more than 15 years old and ensure the success of Vehicle Scrapping Policy/Voluntary Vehicle-Fleet Modernization Programme (VVMP). The States were guided/ informed regarding processes involved viz. e-auction, guidelines regarding determination of Reserve Price of Government vehicles, incentives under the scheme of Special Assistance to States etc.

19. Promulgation of the Government of NCT of Delhi (Amendment) Ordinance, 2023 was issued on 19.05.2023.

20. The 13th meeting of Standing Committee of the Southern Zonal Council was held on 05.05.2023 in Chennai.

****

**गृह मंत्रालय- मई, 2023 माह की प्रमुख उपलब्धियां, उल्लेखनीय घटनाक्रम और महत्वपूर्ण कार्यक्रम।**

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री ने मणिपुर राज्य की सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा करने के लिए दिनांक 29 मई, 2023 से 1 जून, 2023 तक मणिपुर के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

2. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री ने दिनांक 19 मई, 2023 को नई दिल्ली में गृह मंत्रालय के 'वरिष्ठ अधिकारियों के चिंतन शिविर' की अध्यक्षता की। चिंतन शिविर का उद्देश्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करना और "विजन 2047" के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करना था।

3. दिनांक 22.5.2023 को, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री ने नए जनगणना भवन का उद्घाटन करते हुए "ए ट्रीटेस ऑन इंडियन सेंसस सिंस 1981" शीर्षक से भारत की जनगणना पर द्विभाषी संकलन जारी किया और कहा कि यह भारत में लोगों की गणना से संबंधित यात्रा और इससे जुड़े अनेक पहलुओं का लेखाजोखा है। जन्म और मृत्यु के पंजीकरण के लिए एक वेब पोर्टल और जियो-फेंसिंग सुविधा के साथ एक अद्यतन एसआरएस ऐप भी लॉन्च किया गया।

4. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री ने दिनांक 23.05.2023 को नई दिल्ली में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' संबंधी एक कार्यशाला का उद्घाटन किया। वीवीपी के नियोजन और कार्यान्वयन हेतु राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों की क्षमता निर्माण के लिए दिनांक 23 से 24 मई, 2023 तक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित की गई।

5. माननीय गृह मंत्री ने दिनांक 25.05.2023 को गुवाहाटी, असम में एनएफएसयू के ऑफ-कैम्पस का भूमि पूजन किया और उसकी आधारशिला रखी। माननीय राज्य मंत्री (गृह) ने दिनांक 04.05.2023 को मेघालय में आईसीपी दावकी का उद्घाटन किया।

6. आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु सेंडाई फ्रेमवर्क की मध्यावधि समीक्षा के लिए दिनांक 18-19 मई, 2023 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में आयोजित की गई संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, डॉ. पी.के. मिश्रा के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल जिसमें श्री कमल किशोर, सदस्य एवं सचिव (आई/सी), एनडीएमए और श्री संजीव कुमार जिंदल, संयुक्त सचिव (डीएम), गृह मंत्रालय सदस्य के तौर पर शामिल थे, ने भाग लिया।

7. ब्रिटिश उच्चायुक्त श्री एलेक्स एलिस ने दिनांक 26.05.2023 को विंबलडन, एमओएस, एफसीडीओ, यूके के लॉर्ड तारिक अहमद की भारत यात्रा के बारे में जानकारी देने के लिए केंद्रीय गृह सचिव से मुलाकात की। इसके बाद, गृह सचिव ने दिनांक 29.05.2023 को विंबलडन के लॉर्ड तारिक अहमद के साथ बैठक की, जिसमें भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा, प्रवासन और मोबिलिटी पार्टनरशिप, आपराधिक रिकॉर्ड साझा करने, राजनयिक वीजा समझौते, भारत विरोधी खालिस्तानी तत्वों, क्राउन डिपेंडेंसी के लिए ई-वीजा आदि से संबंधित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

8. दक्षिण-पश्चिम मानसून-2023 के लिए तैयारियों की स्थिति का जायजा लेने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के आपदा प्रबंधन विभाग के राहत आयुक्तों/सचिवों का वार्षिक सम्मेलन दिनांक 9 मई, 2023 को आयोजित किया गया।

9. इस वर्ष की महत्वपूर्ण बजट घोषणाओं में से एक गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है जो जुर्माने या जमानत राशि को वहन करने में सक्षम नहीं हैं। गृह मंत्रालय ने इस विषय पर एक योजना को अंतिम रूप दिया है, जिसे चालू वित्त वर्ष से लागू करने का प्रस्ताव है। गृह मंत्री ने दिनांक 23 मई, 2023 को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर उन्हें भारत सरकार की इस पहल की जानकारी दी और उनसे इस योजना का लाभ गरीब कैदियों तक पहुंचाने का अनुरोध किया।

10. गृह मंत्रालय ने विभिन्न हितधारकों और इस मामलों के विशेषज्ञों के परामर्श से एक मॉडल जेल अधिनियम को अंतिम रूप दिया है। इस मॉडल अधिनियम को गृह मंत्री के अनुमोदन से दिनांक 10 मई, 2023 को गृह सचिव के पत्र के तहत सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को उनके संबंधित अधिकार-क्षेत्रों में इसको लागू करने के लिए अग्रेषित किया गया है।

11. वीवीपी के तहत कार्ययोजना तैयार करने के लिए, सचिव (बीएम) की अध्यक्षता में दिनांक 12 मई, 2023 को एक बैठक आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त, दिनांक 31 मई, 2023 को, सचिव (बीएम) ने एक बैठक ली, जिसमें व्यापक विकास के लिए (i) बीएडीपी के अंतर्गत आने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सीमावर्ती ब्लॉक और (ii) तटवर्ती राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में तटरेखा से सटे ब्लॉक्स की पहचान की गई।

12. पूर्वोत्तर के लोगों द्वारा झेले जा रहे नस्लीय भेदभाव से संबंधित मुद्दों की निगरानी करने और उनका समाधान करने के लिए दिनांक 25.5.2023 को नई दिल्ली में अपर सचिव (एनई), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। असम के बोडो समझौते (2020), कार्बी समझौते (2021) और आदिवासी शांति समझौते (2022) के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए गृह मंत्रालय के अपर सचिव (एनई) की अध्यक्षता में दिनांक 29.05.2023 को ज्वाइंट मॉनिटरिंग कमेटी (जेएमसी) की बैठकें हुईं।

13. उत्तराखंड में प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक सुरक्षित स्थानों पर पुन: बसाने के लिए विशेष सहायता प्रदान करने तथा जोशीमठ के सुनियोजित पुनर्विकास के लिए अपर सचिव (डीएम), गृह मंत्रालय के नेतृत्व में दिनांक 3 मई, 2023 को बैठक आयोजित की गई।

14. अपर सचिव (एलडब्ल्यूई), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में दूरसंचार विभाग के अधिकारियों और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित सभी राज्यों के नोडल अधिकारियों के साथ दिनांक 10.05.2023 को "लंबित मुद्दों, विशेष रूप से वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल/ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी परियोजना से संबंधित सुरक्षा संबंधी मुद्दों" से संबंधित विषय पर एक बैठक आयोजित की गई। आरआरपी-। तथा आरसीपीएल डब्ल्यूईए के तहत छत्तीसगढ़ में सड़क/पुल निर्माण कार्यों की समीक्षा करने के लिए अपर सचिव (एलडब्ल्यूई), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में दिनांक 11.05.2023 को छत्तीसगढ़ सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और सीएपीएफ के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 23.05.2023 को, अपर सचिव (एलडब्ल्यूई) ने मीडिया योजना के तहत "ट्राइबल यूथ एक्सचेंस प्रोग्राम (टीवाईईपी) के कार्यान्वयन" की समीक्षा के लिए एनवाईकेएस के अधिकारियों से मुलाकात की।

15. महाराष्ट्र के सांगली जिले में गांव "भैरववाड़ी" ताल-तसगांव के नाम को बदलकर "नवी चिंचनी", नागपुर में "इतावरी रेलवे स्टेशन" के नाम को बदलकर "नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतावरी रेलवे स्टेशन" और कर्नाटक में "शिवामोगा सिटी रेलवे स्टेशन" के नाम को बदलकर "श्री शिवाप्पा नायक-शिवामोगा रेलवे स्टेशन" करने के लिए एनओसी जारी किया गया।

16. भारत के माननीय राष्ट्रपति ने बिहार विशेष न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022 को मंजूरी दे दी है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों (विज्ञापन पर प्रतिबंध और व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण के विनियमन) मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक, 2022 को मध्य प्रदेश राज्य विधानमंडल में पेश किए जाने के लिए भारत के माननीय राष्ट्रपति की पूर्व सहमति के संबंध में मध्य प्रदेश सरकार को सूचित कर दिया गया है।

17. वर्गीकृत सूचनाओं की पारस्परिक सुरक्षा संबंधी समझौते पर विचार-विमर्श करने के लिए दिनांक 31.05.2023 को कजाकिस्तान के साथ वर्चुअल वार्ता बैठक आयोजित की गई। कजाकिस्तान की ओर से हेड ऑफ द डायरेक्ट्रेट ऑफ इंटरनेशनल लीगल सपोर्ट ऑफ द डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनेशनल कॉ-ऑपरेशन, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस कर्नल सरगुल अब्दीकरिम और भारतीय पक्ष की ओर से गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आईसी) से भाग लिया।

18. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वाहनों की स्क्रैपिंग संबंधी नीति को लागू करने के संबंध में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा करने के लिए संयुक्त सचिव (पीएम), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में दिनांक 01 मई, 2023 को एक बैठक आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों/पुलिस बलों के 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को स्क्रैप करने और वाहन स्क्रैपिंग नीति/वॉलेंट्री व्हीकल फ्लीट मोडर्नाइजेशन प्रोग्राम (वीवीएमपी) की सफलता सुनिश्चित करने के संबंध में राज्यों के साथ दिनांक 30.05.23 को एक बैठक भी आयोजित की गई। राज्यों को ई-नीलामी, सरकारी वाहनों के आरक्षित मूल्य के निर्धारण के संबंध में दिशा-निर्देश, राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत प्रोत्साहन आदि के बारे में जानकारी दी गई।

19. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 का दिनांक 19 मई, 2023 को प्रख्यापन किया गया।

20. दक्षिणी आंचलिक परिषद की 13वीं स्थायी समिति की बैठक दिनांक 05 मई, 2023 को चेन्नई में आयोजित की गई।

****